भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या- *219
सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

स्विगी के साथ समझौता ज्ञापन

***219. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:**
श्री काली चरण सिंह:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार और स्विगी के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रमुख उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त समझौता ज्ञापन के अंतर्गत नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल का किस प्रकार उपयोग किए जाने का प्रस्ताव है; और
(ग) उक्त समझौता ज्ञापन से गिग और लिंकेज क्षेत्र में युवाओं और संविदा/गिग कामगारों की रोजगार संपर्कों तक पहुंच किस प्रकार बढ़ने की संभावना है?

उत्तर
श्रम और रोजगार मंत्री
(डॉ मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

******

"स्विगी के साथ समझौता ज्ञापन" के संबंध में श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा, श्री काली चरण सिंह द्वारा दिनांक 04.08.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *219 के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों की जानकारी, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

(ख) श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक अग्रणी फूड डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स कंपनी 'स्विगी' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं और इस प्रकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से गिग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रोजगार लिंकेज को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

यह सहयोग एक विन-विन मॉडल को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें स्विगी को विविध, कुशल और नौकरी के लिए तत्पर टैलेंट पूल मिलेगा और दूसरी ओर देश भर में लाखों रोजगार चाहने वालों को रोजगार के अवसरों को आसानी से ढूँढने और पाने का लाभ मिलेगा।

(ग) इस समझौता ज्ञापन के तहत, स्विगी अपने गिग और लॉजिस्टिक अवसरों जिसमें डिलीवरी और सहायक भूमिकाएँ शामिल हैं – को एनसीएस पोर्टल पर एकीकृत करेगा। इस रियल टाइम एकीकरण से एनसीएस उपयोगकर्ताओं को नौकरियों के तत्काल और सत्यापित अवसरों का फायदा मिलेगा।

*****